Tribhuvan Sahkari University Bill, 2025 (introduced)

माननीय सभापति **:** आइटम नंबर 21, माननीय श्री कृष्ण पाल जी ।

सहकारिता मंत्रालय में राज्य मंत्री **(**श्री कृष्ण पाल**):** महोदया, मैं श्री अमित शाह जी की ओर से प्रस्ताव करता हूँ कि इंस्टीट्यूट आफ रूरल मैनेजमेंट, आणंद, ?त्रिभुवन? सहकारी यूनिवर्सिटी के रूप में ज्ञात विश्वविद्यालय की स्थापना करने और उसे राष्ट्रीय महत्व की संस्था घोषित करने; सहकारी क्षेत्र में तकनीकी और प्रबंधन शिक्षा तथा प्रशिक्षण प्रदान करने; सहकारी अनुसंधान और विकास की प्रोन्नति करने तथा ?सहकार से समृद्धि? के दर्शन को चरितार्थ करने के क्रम में इसमें वैश्विक श्रेष्ठता के मानकों को प्राप्त करने और संस्थाओं के तंत्र के माध्यम से देश में सहकारी आंदोलन को मजबूत करने के लिए और उस संस्थान को विश्वविद्यालय के एक स्कूल के रूप में घोषित करने और उससे संबद्ध तथा उसके आनुषंगिक विषयों के लिए विधेयक को पुर:स्थापित करने की अनुमति दी जाए ।

माननीय सभापति **:** प्रश्न यह है:

?कि इंस्टीट्यूट आफ रूरल मैनेजमेंट, आणंद, ?त्रिभुवन? सहकारी यूनिवर्सिटी के रूप में ज्ञात विश्वविद्यालय की स्थापना करने और उसे राष्ट्रीय महत्व की संस्था घोषित करने; सहकारी क्षेत्र में तकनीकी और प्रबंधन शिक्षा तथा प्रशिक्षण प्रदान करने; सहकारी अनुसंधान और विकास की प्रोन्नति करने तथा ?सहकार से समृद्धि? के दर्शन को चरितार्थ करने के क्रम में इसमें वैश्विक श्रेष्ठता के मानकों को प्राप्त करने और संस्थाओं के तंत्र के माध्यम से देश में सहकारी आंदोलन को मजबूत करने के लिए और उस संस्थान को विश्वविद्यालय के एक स्कूल के रूप में घोषित करने और उससे संबद्ध तथा उसके आनुषंगिक विषयों के लिए विधेयक को पुर:स्थापित करने की अनुमति दी जाए ।?

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ ।

श्री कृष्ण पाल **:** महोदया, मैं विधेयक को पुर:स्थापित@ करता हूँ ।

12.17 hrs